# 57 किलो चांदी लूट के मामले में डेढ़ साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

## माणक चौक क्षेत्र में मनीरामजी की कोठी रास्ता स्थित गजानंद ज्वैलरी शॉप में गार्डों को बंधक बनाकर जेवरात लूटने का मामला

**जयपुर** (कासं)। माणक चौक थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ज्वैलरी शॉप से 57 किलो चांदी की लूट के मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो चांदी के गहने भी बरामद किए है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद तौहीद (34) निवासी निवाई, जिला टोंक के रूप में हुई है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में एक अन्य फरार आरोपी अशफाक की तलाश जारी है, जिस पर भी 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया है।

### सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर की थी लूट

डी.सी.पी. ने बताया कि 19 नवंबर को पीड़ित विनोद अग्रवाल ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि मनीरामजी की कोठी का रास्ता स्थित सिद्धि विनायक कॉम्पलेक्स में उनकी गजानंद ज्वैलरी के नाम से दुकान है।

रात के समय बदमाशों ने दुकान की सुरक्षा में तैनात तीन गार्डों से मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया और शॉप का लॉक तोड़कर 57 किलो चांदी के गहने लूटकर फरार हो गए। घटना के



आरोपी मोहम्मद तौहीद

बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट में शामिल हितेश प्रजापत और अकरम को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 38 किलो चांदी के गहने बरामद किए जा चुके हैं। पूछताछ में सामने आया कि वारदात में कुल चार बदमाश शामिल थे। इसके बाद फरार आरोपियों मोहम्मद तौहीद और अशफाक पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

- पुलिस ने आरोपी मोहम्मद तौहीद को गिरफ्तार कर 10 किलो चांदी के गहने भी जब्त किए हैं
- इस प्रकरण में पुलिस पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 38 किलो चांदी बरामद कर चुकी

### आरोपी ने दिल्ली-गुड़गांव में काटी फरारी

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि आरोपी मोहम्मद तौहीद वारदात के बाद अपने परिचित के यहां छिपने चला गया था। उसे जानकारी मिली कि पुलिस उसके टोंक-निवाई स्थित मकान पर दबिश देने आई थी और घर की गहन तलाशी लेकर लौट गई थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने लूट का माल अपने ही घर में छिपा दिया। इसके बाद वह पुलिस से बचने के लिए दिल्ली-गुड़गांव चला गया, जहां कुछ समय घूमने के बाद मालपुरा और टोंक क्षेत्र में भी फरारी काटता रहा। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टोंक में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, रजिस्ट्रेशन नंबर से मालिक की तलाश

**जयपुर**। कानोता थाना इलाके में खनिज विभाग की टीम की ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर -ट्रॉली जब्त की है। वहीं इस कार्रवाई में ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबरों के आधार पर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि खनिज विभाग के निदेशन -2 जैद अली ने मामला दर्ज कराया है कि गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे इलाके की पहाड़ियों में चेजा पत्थर के अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तभी अवैध खनन कर चुराए चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर -ट्रॉली आगरा रोड़ पर जाने की सूचना मिली। खनिज विभाग की सूचना पर पुलिस ने पुरानी चुंगी आगरा रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी देख अवैध खनन करने वाले चेजा पत्थर पर भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# नववर्ष की रात नशे में गाड़ी चलाने वाले 445 चालकों पर कार्रवाई

## मोटर व्हीकल एक्ट में पुलिस ने 1293 वाहन चालकों के चालान काटे और 49 चालकों को हिरासत में लिया

**जयपुर** (कासं)। नववर्ष सेलिब्रेशन के दौरान शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। 31 दिसंबर की रात से 1 जनवरी की सुबह तक चले विशेष अभियान में जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 445 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की।

इस दौरान एमवी एक्ट के अंतर्गत कुल 1293 वाहन चालकों के चालान काटे गए, जबकि बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 49 वाहन चालकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरड़ा ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों-विशेषकर ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट और ओवर स्पीडिंग करने वालों-के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कई वाहनों को जब्त किया गया और नियम तोड़ने वालों को ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी भी दी गई।

- जयपुर शहर में 45 से अधिक नाके बनाकर रखी 3-लेयर सिक्योरिटी, 50 से अधिक स्पेशल ट्रैफिक टीमें भी तैनात किए

न्यू ईयर सेलिब्रेशन को देखते हुए बुधवार शाम से ही शहर की चारों दिशाओं में अलग-अलग पॉइंट्स पर नाकेबंदी की गई। शहरभर में 45 से अधिक अतिरिक्त नाके लगाए गए और 3-लेयर सिक्योरिटी प्लान के तहत विशेष निगरानी रखी गई, ताकि जश्न के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर शराब के नशे में वाहन चला रहे लोगों ने खुद को बचाने के लिए एसपी से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से पहचान होने की धौंस देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बिना किसी दबाव के नियमों के अनुसार कार्रवाई की। पुलिस ने पहले ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की थी।

इसके बावजूद अत्यधिक नशे की हालत में पाए गए कुछ लोगों के साथ पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था भी की। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान शहर में 50 से अधिक स्पेशल ट्रैफिक टीमें तैनात रहीं। जवाहर सर्किल सहित संवेदनशील इलाकों, क्लबों और पार्टी स्थलों के बाहर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जयपुर पुलिस की इस सख्ती का उद्देश्य नववर्ष के जश्न को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण रखना रहा।

# जयपुर आर्ट वीक में जुटेंगे दुनियाभर के कलाकार

**जयपुर** (कासं)। समकालीन कला के सबसे प्रभावशाली मंच के रूप में उभर चुके जयपुर आर्ट वीक अपने पांचवें संस्करण के साथ लौट रहा है। पब्लिक आर्ट्स ट्रस्ट ओफ़ इंडिया (पाटी) की ओर से 27 जनवरी से 3 फ़रवरी 2026

- 27 जनवरी से 3 फ़रवरी तक जयपुर के प्रमुख स्थलों पर होगा आयोजन

तक जयपुर के विभिन्न स्थलों पर आयोजित होते हुए एक बार फिर ये महोत्सव शहर की एतिहासिक विरासत को संवाद से जोड़ेगा। इस आठ दिवसीय महोत्सव के कलाकारों की पहली सूची की घोषणा की गई। जिनमें फ़ीचर्ड, सोलो, ग्रूप, डिजिटल व पारसंस न्यूयॉर्क स्टूडेंट ग्रूप शो जैसी विभिन्न कैटेगिरीज के आर्टिस्ट्स के नाम से पर्दा उठा।

संस्थापक सना रिज़वान ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओपन कॉल में 450 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, वहीं 600 से अधिक कलाकारों को निःशुल्क प्रस्ताव लेखन कार्यशालाओं के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया। इस संस्करण में जयपुर के अलग-अलग स्थानों पर



100 से अधिक कलाकारों की भागीदारी देखने को मिलेगी, जिसमें 15 से अधिक एकल कला प्रस्तुतियां और पाटी समूह प्रदर्शनी शामिल है। कलाकारों का अंतिम चयन एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया, जिसमें अनिता दुबे, रेनू मोदी, वुड एंड हैरिसन, ऐंद्रिया एमेलाइफ़ और सना रिज़वान शामिल रहे। चयनित कलाकारों को विभा गल्होत्रा, गिगी स्कारिया, ठाकुरल एंड टैगरा और शुद्धब्रत सेनगुप्ता जैसे वरिष्ठ कलाकारों से मेंटरशिप भी दी गई, ताकि वे अपने विचारों को प्रभावशाली कला प्रस्तुतियों में बदल सकें।

# गोल्ड लोन चुकाने के नाम से 15 लाख रु. की धोखाधड़ी

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट थाना इलाके में एक युवक को परिचित के नाम से गोल्ड लेना भारी पड़ गया। पीड़ित ने आरोपी परिचित के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से पैसे डाले और शातिर परिचित ने उन लाखों रुपयों को अपने दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। यूपीआई और एटीम के जरिए नकदी निकलने के बाद पीड़ित को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पुलिस ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी परिचित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि

- परिचित ने धोखे से लाखों रुपए को दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर किया
- चित्रकूट थाना पुलिस कर रहीं है मामले की छानबीन

जमवारामगढ़ निवासी हेमराज गुर्जर (34) ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी प्रेम चंद्र से हुई थी। लगातार मुलाकात होने के बाद दोनो अच्छे दोस्त बन गए। पीड़ित का आरोप है कि गोल्ड लोन चुकाने के लिए उसने प्रेम चंद्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में 14 लाख 65 हजार रुपए आरटीजीएस के जरिए जमा करवाए। बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर होने के बाद चकमा देकर फरार हो गया। पीड़ित ने कई बार आरोपी के मोबाइल फोन पर कॉल किया। लेकिन लगातार मोबाइल फोन बंद मिला। दिए गए रुपयों में से आरोपी ने 5 लाख रुपए अपने दूसरे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। जिन्हें और एटीएम के जरिए निकलने का पता चला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# राजस्थान पुलिस ने बुजुर्गों के बीच मनाया नववर्ष

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस ने नववर्ष 2026 के प्रथम दिन को प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता के नाम समर्पित किया। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के विजन सुरक्षित बुजुर्ग-सुरक्षित समाज के अनुरूप पुष्पांजलि वृद्ध आश्रम में एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम रखा गया था। जहां मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीना ने बुजुर्गों के साथ आत्मीय वक्त बिताया और उन्हें नववर्ष की बधाई दी। वर्तमान समय में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बना रहे साइबर अपराधियों के तरीकों पर चर्चा करते हुए साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए।

## सार-समाचार

### सेवानिवृत्त कार्मिकों ने यज्ञ में दी आहूतियां

**जयपुर**। सचिवालय में राजकीय सेवा कर सेवानिवृत हो चुके 19 पूर्व कर्मचारियों-अधिकारियों हरिपुरा में जलभवन के पास स्थित पेंशनर भवन में सामूहिक रूप से जन्मदिन और विवाह दिवस गायत्री यज्ञ के साथ मनाया। दिसंबर माह में जिनका जन्मदिन था या विवाह दिवस था उन लोगों ने परिवार और पुराने साथियों के साथ भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन -विवाह दिवस की खुशियां मनाई। कार्यक्रम संयोजक मुन्नालाल ठाड़ा ने बताया कि आचार्य पीठ से अशोक गोयल और गिरधारी लाल अग्रवाल ने यज्ञ संपन्न कराया। अध्यक्ष भगवान सहाय मीणा ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गोपाल सिंह, भंवर लाल, महेन्द्र प्रकाश अरोड़ा, सौभाग्यमल जैन, राधाकिशन सैनी, बालकृष्ण पावा, हरीश चन्द चेतवानी, घनश्याम बागोटिया, नानकराम बलाई, बी.एन. श्रीवास्तव, आर.पी. कुलश्रेष्ठ, राधेश्याम उपाध्याय, नारायणदास तीर्थानी, लोकेन्द्र कुमार त्रिपाठी, गोविन्द नारायण गुप्ता, चन्द्रकान्ता मालाकार, बसन्त कूलवाल, दिनेश चन्द्र शर्मा, कैलाश चन्द्र शर्मा एवं मधुसूदन कालूण्डिया ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की। सभी को प्रज्ञा अभियान की प्रति भेंट की गई।

### अल्पसंख्यक निदेशक का अभिनन्दन



**जयपुर**। दिगम्बर जैन महा समिति ने अल्पसंख्यक निदेशक का अभिनन्दन किया। महासमिति की ओर से सुरेंद्र पांड्या राष्ट्रीय महासचिव, महावीर बाकलीवाल अंचल महासचिव, णमोकार जैन कार्याध्यक्ष, मुकेश जैन एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स अध्यक्ष भागचंद जैन ने नव वर्ष पर मातादीन मीणा, निदेशक, अल्पसंख्यक कार्य विभाग, राजस्थान, जयपुर से भेंट कर उनका हार्दिक अभिनन्दन किया, नूतन वर्ष पर शुभ कामनाएं दी। साथ ही उन्हें जन्म दिवस पर बधाई दी गई। इस अवसर पर अति अल्प संख्यक जैन समाज को दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई, साथ ही महा समिति की ओर से एक ज्ञापन भी दिया गया।

### पौषबड़ा महोत्सव शनिवार को

**जयपुर ( कासं )**। सूरजपोल बाजार स्थित प्राचीन मंदिर श्री गिरधर मीराजी में शनिवार सांय 5 से रात्रि 9 बजे तक विशाल भजन संध्या होगी। जिसमें जयपुर के ख्याति नाम भजन गायकपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान भगवान को पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की जाएगी। यह जानकारी महंत मधुसूदन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि दोनों कार्यक्रमों की तैयारियां तेजी से चल रही है।

### नव वर्ष पर वरिष्ठता सूचियां जारी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने नव वर्ष के प्रथम दिन ही वर्ष 2026 के लिए अधिकारियों, अभियन्ताओं सहित सभी कार्मिकों की अस्थाई वरिष्ठता सूचियां जारी कर दी हैं। इनमें अभियन्ता, अधिकारी, लेखा और कार्मिक, सांख्यिकी, निजी सेवा, मंत्रालयिक, तकनीकी सहित अन्य सभी संवर्गों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल है। निगम में उपखण्ड स्तर से लेकर निगम स्तर तक लगभग 18 हजार से अधिक कार्मिक कार्यरत हैं। इन सभी की 1 अप्रैल, 2026 की स्थिति में 748 अस्थाई वरिष्ठता सूचियां जारी की गई हैं। इन पर 31 जनवरी, 2026 तक आपत्तियां मांगी गई है। जिनका निस्तारण कर शीघ्र अंतिम वरिष्ठता सूचियां जारी की जाएंगी।

# श्री शुक संप्रदाय पीठ बरसाना में श्रीराम कथा का शुभारंभ

**जयपुर** (कासं)। छोटे दादा गुरुदेव शुक सम्प्रदाय पीठाधीश रसिक माधुरी शरण महाराज की 127वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को अजमेर रोड क्वींस कॉलोनी नीलकंठ कॉलोनी स्थित श्री सरस निकुंज की पीठ बरसाना में श्रीराम कथा प्रवचन का शुभारंभ हुआ।

श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य एवं संरक्षण में पूजा-अर्चना के बाद व्यास पीठ पर आचार्य डॉ. राजेश्वर ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों एवं मर्यादाओं पर आधारित श्री राम कथा का भावपूर्ण एवं रसपूर्ण गुणगान किया। आचार्य डॉ. राजेश्वर ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उनके संरक्षण-सान्निध्य में सभी को ऐसे ही कथा सत्संग का आनंद प्राप्त होता रहे। अंग्रेजी नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। श्रद्धालु भक्ति मार्ग पर आगे बढ़े। कथा से पूर्व पोथीयात्रा निकाली गई।

श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सभी लोगों का अंग्रेजी वर्ष 2026 मंगलमय हो, सभी का कल्याण हो इस भाव के साथ कथा प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। श्री शुक संप्रदाय पीठ की ओर से हर वर्ष यह आयोजन गत 25 वर्ष से जारी है। कथा प्रवचन नौ जनवरी तक प्रतिदिन मध्याह्न 1:30 से शाम 5 बजे तक होंगे। कथा के दौरान अनेक आचार्यों एवं संत-महात्माओं का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। गुरुवार को सुबह हल्की बूंदाबादी और सूर्य भगवान के दिनभर बादलों में छाये रहने के कारण अचानक सर्दी बढ़ गई। ऐसे में कथा स्थल पर बाहर अलाव जलाया गया। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने पहले हाथ तपाए बाद में कथा सुनी। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि श्रद्धालुओं को सर्दी से बचाने के सभी व्यवस्था की गई है। दरवाजे और खिड़कियों पर मोटे पर्दे लगाए गए हैं ताकि ठंडी हवा नहीं आए। बैठने की व्यवस्था मोटे कालीन और गद्दों पर की गई है।

# नववर्ष पर सरस राजसखी मेले में उमड़ा जनसैलाब

## भरतपुर के जय शिव शंकर और बाड़मेर का दिनुवानी एसएचजी की रिकॉर्ड बिक्री

**जयपुर** (कासं)। नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला 2025 में उत्साह, उमंग और उल्लास देखते ही बनता था। साल की पहली सुबह से ही मेला आगंतुकों से गुलज़ार रहा और हर ओर रौनक का माहौल दिखाई दिया। रंग-बिरंगे स्टॉल्स, हस्तशिल्प की खुशबू, पारंपरिक संगीत और लोगों की चहल-पहल ने मेले को एक जीवंत उत्सव में बदल दिया।

भरतपुर के जय शिव शंकर एसएचजी ने अब तक सबसे ज्यादा बिक्री की है। एसएचजी दीदी नीलम ने बताया कि ग्राहक उनके जूट प्रोडक्टस को बहुत पसंद कर रहे हैं। बाड़मेर का दिनुवानी एसएचजी बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर रहा और इनके बनाए कशीदाकारी के उत्पाद सभी को लुभा रहे है। बाड़मेर का ही जोगमाया एसएचजी भी रिकॉर्ड बिक्री कर रहा हैं, उनके बनाए अजरक प्रिंट के कपड़े बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। समूह सदस्य गंगादेवी इसके लिए राजीविका के इस मंच का आभार मानती है। फ़ूड स्टाल्स में जयपुर के राधास्वामी एसएचजी ने सबसे ज्यादा सेल की है, उनकी पाव भाजी लोगों को बहुत पसंद आ रही है। सवाई माधोपुर का सरस्वती एसएचजी के व्यंजनों का स्वाद भी लोगों को बहुत लुभा रहा है और बिक्री में ये दूसरे स्थान पर हैं। इन समूहों से जुड़ी महिलाओं के चेहरों पर सजी मुस्कान इस बात का प्रमाण है कि यह मेला उनके लिए केवल एक बाजार नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने का मंच है। मेले में भाग ले रहीं आंध्र प्रदेश से आई एक एसएचजी दीदी ने बताया कि वह पहली बार इतने बड़े राष्ट्रीय मंच पर अपने हाथ से बने उत्पाद लेकर आई है। यहाँ लोगों की सराहना और भरोसा देखकर आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है। पहले हम अपने गांव तक ही सीमित थे, लेकिन अब हमारे उत्पाद पूरे देश तक पहुँच रहे हैं। हरियाणा से आई एक अन्य सदस्य ने बताया कि उनके हैंडलूम उत्पादों की मांग इतनी अधिक है कि कई बार स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि सरस मेला हमारे लिए सिर्फ कमाई का जरिया नहीं, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का अवसर भी है। मुंबई से जयपुर घूमने आई एक विदेशी पर्यटक सारा ने बताया कि उन्हें भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्त्र बेहद आकर्षक लगे। जयपुर की आयुषी अपने दोस्तों के साथ मेले में पहुंचीं और बताया कि यहां यंगस्टर्स के लिए भी बहुत कुछ खास है। उन्हें विशेष रूप से स्टाइलिश बैग्स, पर्स, विंटर वियर और सिल्क के स्टोल्स बेहद पसंद आए। वहीं जयपुर के ही नरेश अपने परिवार के साथ मेला देखने आए।



जवाहर कला केन्द्र में आयोजित सरस राजसखी मेले में गुरूवार को खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

# ताराचन्द सैनी लगातार दूसरी बार जयपुर जलदाय इंटक के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर** (कासं)। प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक (जलदाय विभाग) के तत्वावधान में गुरूवार को तिलक नगर जलदाय परिसर में जयपुर जिला अध्यक्ष के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव में जयपुर जिले के जलदाय कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लेकर संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत किया। चुनाव अधिकारी रामाशंकर गुर्जर एवं पर्यवेक्षक जगदीश गुप्ता की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को विधिवत, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराया गया।

चुनाव में जलदाय कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से ताराचन्द सैनी को लगातार दूसरी बार प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक, जयपुर का जिला अध्यक्ष चुना। उनके पुनः निर्वाचित होने पर कर्मचारियों में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा।

इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, कार्यवाहक अध्यक्ष केदार प्रसाद शर्मा एवं विधि सलाहकार मुकेश कुमार माथुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलदाय कर्मचारियों की नई भर्ती, वर्कचार्ज कर्मचारियों के सिविलिकरण सहित अन्य ज्वलंत मांगों को प्राथमिकता से उठाया। साथ ही जयपुर में शीघ्र महा-अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की पुरज़ोर मांग की गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी का सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नववर्ष पर कर्मचारियों ने नशा-मुक्ति का संकल्प लेते हुए खीर महोत्सव का आयोजन भी किया गया, जो सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक संदेश का प्रतीक बना। कार्यक्रम में संघ के संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पारीक की गरिमामयी उपस्थिति रही।



प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के चुनाव गुरूवार को संपन्न हुए।

# डंपर-ट्रेलर में जोरदार भिड़ंत

**जयपुर**। भांकरोटा इलाके में पुलिया पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने पीछे से ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से डंपर चालक को सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद थाना इलाके में लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त दोनो वाहनों को क्रेन की सहायता से साइड में करवाकर यातायात को सुचारु करवाया। थानाधिकारी रामनिवास जांगिड़ ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिया से तेज रफ्तार डंपर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान उसका सतुंलन बिगड़ गया और वो आगे चल रहे ट्रेलर से जा टक्कराया। जिससे ट्रेलर का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं डंपर की केबिन सहित आगे वाला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में डंपर चालक भी बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बाहर निकालकर उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल भिजवाया।

# प्रथम पूज्य के दर्शनों के साथ नववर्ष की शुरूआत

**जयपुर**। अंग्रेजी नववर्ष 2026 के आगमन पर गुरुवार को जयपुर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए शहर के प्रमुख मंदिरों की ओर उमड़ पड़े। घंटियों की मधुर ध्वनि, फूलों की सुगंध और भक्तों के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। मोतीडूंगरी गणेशजी और गोविंद देवजी मंदिर में आराध्यदेव के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

नववर्ष पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत पं. कैलाश शर्मा के सान्निध्य में छप्पन भोग की झांकी एक नए रूप में सजाई गई। पहली बार 56 प्रकार के लड्डुओं की झांकी सजाई गई। इस झांकी में पिस्ता, सीताफल, वनीला, स्ट्रॉबेरी जैसे आधुनिक फ्लेवर के लड्डुओं के साथ-साथ बेसन, मोतीचूर, नारियल, रवा-सूजी, आटा, मेवा, मलाई, चूरमा, मूंग, ड्राई फ्रूट और गुलकंद जैसे पारंपरिक लड्डू भी शामिल रहे। इसी प्रकार गोविंददेवजी मंदिर में नववर्ष के पहले दिन ठाकुरजी के दर्शन निर्धारित 9 घंटे से एक घंटा ज्यादा यानी 10 घंटे तक कराए गए। मंगला झांकी में ढाई घंटे तक विशेष दर्शन हुए।

इस झांकी में मंदिर के अंदर और बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए जिससे सभी को सुगम दर्शन संभव हुए।



मोतीडूंगरी स्थित गणेश मंदिर में नववर्ष पर आराध्यदेव के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।